जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-35 जयपुर, सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## विनोबा ज्ञान मंदिर में आयोजित हुई विनोबा भावे की 130 वीं जयंती

**जयपुर (हमारा वतन)।** आचार्य विनोबा भावे की 130वीं जयंती का आयोजन विनोबा ज्ञान मंदिर, बापू नगर, जयपुर में किया गया। इस अवसर पर जयपुर के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विनोबा ज्ञान मंदिर, गांधी काल में स्वतंत्रता आंदोलन और रचनात्मक कार्यों से जुड़े अनेक लोगों का केंद्र रहा है। इसी उद्देश्य से गांधी के निकटतम सहयोगी जमनालाल बजाज परिवार की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका पर विद्यालयों में लेख एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।




बताते चलें कि जमनालाल बजाज मूलतः राजस्थान से थे और उन्होंने यहां के कार्यों का मार्गदर्शन किया था। विनोबा ज्ञान मंदिर ने उनके संबंध में पठनीय सामग्री भी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में विनोबा ज्ञान मंदिर से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई।

इस आयोजन में गीता बजाज बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर , प्रेम निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर, विनय भारती माध्यमिक विद्यालय, जयपुर, वीर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर, श्वेतांबर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रत्येक विद्यालय के तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र, प्रेरक साहित्य एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कुल 16 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. भंडारी ने की। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों ने जमना लाल बजाज और उनके परिवार के योगदान की विस्तार से जानकारी दी तथा राजस्थान में उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गो संवर्धन समिति के महामंत्री कल्याण सहाय गुप्ता भी मौजूद रहे ।

डॉ. भंडारी ने छात्रों और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम में हमारे राष्टीय नेताओं के योगदान को समझने का अवसर मिलता है।



## आरएन नोवाल फाउंडेशन ने खेड़ापति धाम में किया पौधारोपण

**जयपुर (हमारा वतन)।** आरएन नोवाल फाउंडेशन द्वारा हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत खेड़ापति बालाजी धाम आश्रम सामोद में श्री श्री 1008 प्रेम दास महाराज के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। महाराज ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है अगर पेड़ नहीं होंगे तो जीवन भी संभव नहीं है इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी सुरक्षा भी करनी चाहिए तभी पर्यावरण शुद्ध होगा और मानव जाति अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त होने से बच पाएगी।

नोवाल नेचर केयर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर गदड़ी बधाल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य संरक्षण, संवर्धन व रोग निवारण के लिए पेड़ पौधों का होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर पंजीयन व मुद्रांक के उपमहानिरीक्षक गोरधन लाल शर्मा, चैतन्य जीवन सेवा संस्थान के सचिव चैतन्य शर्मा, डॉक्टर योगेश शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे ।

## बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा का चौमूं में हुआ स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा का जयपुर से बीकानेर जाते समय माली समाज बंधुओ ने माला पहनाकर स्वागत किया। चौमूं में आर चंद्रा पैलेस पर रुक कर समाज बंधुओ से मुलाकात कर सामाजिक व राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान मुकेश कुमार सैनी आर चंद्रा, घीसालाल सैनी प्रदेश महामंत्री माली सैनी महासभा एवं पूर्व अध्यक्ष माली समाज, जय नारायण चंदेल अध्यक्ष माली समाज भवन निर्माण समिति, गणेश नारायण बैंनाडिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छीतरमल बबेरवाल कोषाध्यक्ष, प्रवीण सैनी नर्सिंग ऑफिसर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए आगे आए अभिनेता राज जांगिड़

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थानी फिल्म अभिनेता राज जांगिड़ ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री बाढ़ सहायता कोष में 11 हजार रुपये की राशि जमा कर सहयोग की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात किसी भी प्रदेश या राज्य में कभी न आएं।



जांगिड ने बताया कि पंजाब एक ऐसा प्रदेश है, जहां से कोई भी सिख भाई दुनिया में भीख मांगते नहीं दिखते । वे खुद्दार होते हैं और जब भी देश पर संकट आया है, तब सबसे पहले पंजाब के लोग ही तन-मन-धन से साथ देने पहुंचे हैं। कई बार तो उन्होंने अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान सरकार, प्रदेशवासी और राजस्थान रॉयलवुड फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े सभी लोग इस कठिन घड़ी में अधिक से अधिक सहयोग करें। जांगिड ने कहा कि बाढ़ ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया है, हजारों मवेशी बह गए हैं और बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे गम्भीर हालात से जूझ रहे हैं। ऐसे में सभी को मिलकर मदद के लिए आगे आना चाहिए।

## प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ प्रिंस एन्नुअल एथलेटिक्स टूर्नामेंट का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में प्रिंस एन्नुअल एथलेटिक्स टूर्नामेंट का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रिंस एज्युकेशन ग्रुप के निदेशक कैलाश चौधरी, प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अभिषेक चौधरी, प्रिंस करियर संस्थान के प्रमुख राजवीर पिपलोदा तथा राहुल निठारवाल ने ध्वजारोहण कर एवं खिलाड़ियों की परेड का निरीक्षण कर किया।

इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण उत्साह, उमंग और जोश से भर गया। खेलों के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। तत्पश्चात विद्यालय की विभिन्न हाउस की टीमों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मैदान 'जय हो' और 'विजयी भव' के नारों से गूंज उठा। खिलाड़ियों ने पूरी लगन और खेल भावना के साथ भाग लेकर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं ने भी एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

विद्यालय के खेल अध्यापकों ने खिलाड़ियों को खेल कौशल, अनुशासन और संयम बनाए रखने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मी, 200 मी तथा 400 मी सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए तालियाँ बजाकर उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह में विजेता टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा कांस्य पदक प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, धैर्य, परिश्रम, नेतृत्व और सहयोग की भावना का विकास करते हैं। विद्यार्थी खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनते हैं।'



विद्यालय प्राचार्य अभिषेक चौधरी ने भी अपने उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 'खेलकूद प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ नेतृत्व, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना भी जागृत होती है।' प्रिंस करियर संस्थान के प्रमुख राजवीर पिपलोदा में भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'प्रिय विद्यार्थियों, आप हमारे भविष्य हैं। मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से आप जीवन की हर कठिनाई को सफलता में बदल सकते हैं। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।'

इस टूर्नामेंट में चंद्रगुप्त हाउस से देव कुमावत तथा रोहित सैनी, अशोका हाउस से केशव सैनी, कशिश सैनी, पृथ्वीराज हाउस से शिवन्या जाट तथा विक्रमादित्य हाउस से तोशिका सैनी ने 100 मी. एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चंद्रगुप्त हाउस से प्रिंस सैनी, पृथ्वीराज हाउस से नरेश बंजारा, सिमरन चौधरी कुनिका जाट ने 200 मीटर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 400 मीटर एथलेटिक्स में नव्या कुमावत, प्रिंस सैनी, नितेश सैनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कृपा यादव, मुस्कान चौधरी, परी जाट, सक्षम चौधरी, नितेश सैनी ने रजत पदक प्राप्त किया। दिव्यांशु सैनी, जानवी राठौड़, अभिषेक वर्मा, आयुष गुर्जर, गौरव सैनी ,हिमांशी यादव आदि ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस दौरान राहुल निठारवाल, अर्जुन लाल जाट, महावीर यादव, रमेश निठारवाल, अमरजीत सैनी, आकाश स्वामी, अंकेश चौधरी, बनवारी जांगिड़, अजीत चौधरी, अशोक यादव, अशोक सैनी, राजेंद्र सैनी, राकेश मिश्रा तथा अन्य सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ टूर्नामेंट का समापन हुआ। यह दिन सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए अविस्मरणीय बन गया। खिलाड़ियों ने संकल्प लिया कि वे आगामी वर्षों में और अधिक मेहनत कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



# वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद सोनी कर्मवीर जयानंद भारतीय 2025 स्मृति सम्मान से हुए विभूषित

**देहरादून (हमारा वतन)।** शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, पौधारोपण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे पेशे से शिक्षक एवं वृक्षमित्र के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले पर्यावरणविद् डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को ब्लाक द्वारीखाल के गुमखाल स्थित सदभावना वैडिंग सभागार में 6 सितंबर 1932 गढ़वाल स्वतंत्रता संग्राम ऐतिहासिक पौड़ी क्रांति के नायक उत्तराखंड रत्न से विभूषित कर्मवीर जयानंद भारतीय के सम्मान में 8 वें शैलशिल्पी पराक्रम दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि द्वारिखाल ब्लॉक प्रमुख बीना राणा, विशिष्ट अतिथि एडवोक अवनीश नेगी, समाजसेवी डॉ अरुण कुकसाल, भारत भूषण साह, जयानंद भारती की पुत्रवधू मनूली देवी अध्यक्षता विजेंद्र रिंगोडी ने की और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा नयार घाटी म्युजिकल ग्रुप ने देश भक्ति रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉक्टर त्रिलोक चंद सोनी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर वर्ष 2025 का शैलशिल्पी कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। वहीं चर्चित अंकिता भंडारी केस अभियोजक एडवोकेट अवनीश नेगी भी सम्मानित हुए।

शैलशिल्पी विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कर्मवीर जयानंद भारती की जीवनी हमें यह सीख देती हैं। समाज के लिए कार्य करने वालों का नाम इतिहास के पन्नो में अमर रहता है ऐसे ही हमारे बीज में वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन प्रकृति की सेवा में समर्पित कर दिया है, ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित कर हमारी शैलशिल्पी विकास संगठन गौरवान्ति महसूस कर रही है।

वही क्षेत्र प्रमुख बीना राणा ने कहा डॉ. सोनी के प्रकृति के प्रति त्याग समर्पण से हमारे बच्चो को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. सोनी ने क्षेत्र प्रमुख बीना राणा को तुलसी का पौधा उपहार में भेंट किया और समारोह में शामिल लोगों से एक एक पौधा उपहार स्वरूप धरती में लगाने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में डॉ.सतीश प्रकाश, मनवर लाल भारती, प्रमोद चौधरी, केशीराम निराला, महिपाल अमोल, किरन सोनी, अंजली,गीता सिंह, बिरजा देवी, शीतल, संदीप कुमार, नरेंद्र भारती, शिवकुमार, रणजीत सिंह, धर्मेंद्र आर्य, जयदेव मानव, डॉ. मनोज आर्य, चंद्रपाल शाह आदि उपस्थित रहे।

*SICF इनोवेट 2025*

# UEM जयपुर में सफलतापूर्वक आयोजित हुई हैकथॉन




**जयपुर (हमारा वतन)।** UEM जयपुर के सेंटर फॉर सस्टेनेबल इनोवेशन्स फॉर क्लीन फ्यूचर (SICF) ने SICF इनोवेट 2025, एक हैकथॉन का आयोजन किया, जो स्थायी नवाचारों, स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट शहरों और परिपत्र अर्थव्यवस्था समाधानों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित था। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मानदीप सिंह (लीड, SICF) और प्रो. (डॉ.) उमेश गुरनानी (हेड, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के नेतृत्व में किया गया, जो EM जयपुर में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं।

SICF इनोवेट 2025 को आयोजित करने के लिए विनोद कुमार, दिलीप कुमार पटेल, अभिषेक मंडल और पूनम अवस्थी जजों के नेतृत्व में शामिल हुए हैं। इन जजों ने प्रत्येक टीम का मूल्यांकन किया और उनकी रचनात्मकता, व्यवहार्यता और स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखण के आधार पर विजेताओं का चयन किया।

हैकथॉन में 30 टीमों की उत्साही भागीदारी देखी गई । विशेषज्ञ जूरी पैनल द्वारा कठोर मूल्यांकन के बाद, 6 विजेता टीमों का चयन किया गया, प्रत्येक थीम से 2, उनकी रचनात्मकता, व्यवहार्यता और स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखण के लिए। समाधानों में स्वच्छ ऊर्जा एकीकरण, IoT-आधारित शहरी समाधान और स्थायी उत्पाद नवाचार जैसे विविध क्षेत्र शामिल थे। इस हैकथॉन के माध्यम से, UEM जयपुर ने नवाचार और स्थिरता के क्षेत्र में छात्रों की रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस आयोजन की सफलता के लिए, UEM जयपुर की टीम और SICF के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की और अपने प्रयासों से इस हैकथॉन को एक यादगार अनुभव बनाया। हमें उम्मीद है कि इस तरह के आयोजनों से प्रेरित होकर, हमारे छात्र भविष्य में और भी नवाचारी और स्थायी समाधान विकसित करेंगे।

# सच स्वीकारना होगा

चलो,चलो,अब कुछ अच्छा होगा,
कुछ दिन ही सही मगर जिस्मों की हवस का खेल बंद होगा,
जो असुरक्षित है अब डाइपर में भी,
अब उनको वस्त्रों का चढ़ावा भी दिया जाएगा,
दूसरों की बेटियों पर गंदी नजरें गड़ाने वाला,
अब अपनी पत्नी की सूनी कोख के लिए बेटी भी मांगेगा,
चॉकलेट का लोभ देकर, कचरा समझ कर फेंकने वाला,
अब खीर पूड़ी का भोग भी खिलाएगा,
कभी स्तनों पर,कभी कूल्हों पर तो कभी
कमर पर नजरें फेरने वाला,
अब पैरों को छूकर आशीर्वाद भी चाहेगा,
ए आइटम,छमिया जैसे शब्दों से असहज महसूस कराने वाला,
अब देवी, मां कहकर भी बुलाएगा,
सरे बाजार इज्जत लूटने वाला,
बस कुछ दिन मान सम्मान का खेल भी रचाएगा,
जिस्मों को निचोड़कर खाने वाला दरिंदा,
कुछ दिन आदर्शवादी भक्त का पाखंड भी दिखाएगा,
बात कड़वी है मगर सच है,
और ये सच तो सुनना ही पड़ेगा,
चलो अब कुछ तो अच्छा होगा,
कुछ दिन ही सही मगर जिस्मों की हवस का खेल बंद तो होगा,
देवी मां की आड़ में, अब कुछ पाखंडों का जन्म भी होगा,
देखना, कहीं शर्मशार ना कर दे ये देवी मां के आंचल को भी,
कुछ तो ख्याल हमें अब देवी मां का भी रखना ही पड़ेगा,
ये जिस्मों की हवस ने गौ माता को नहीं छोड़ा,
भला देवी मां को भी ये शैतान क्यों ही छोड़ेगा,
बात कड़वी है मगर सच है,
और ये सच तो स्वीकारना ही होगा।



**योगेश किराड़ू**
**बीकानेर, राजस्थान**




# राजेंद्र मावर मेमोरियल ट्रस्ट ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** स्व. राजेंद्र मावर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन गायत्री पब्लिक स्कूल, स्वेज फ़ार्म, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के 10वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया और साथ ही अन्य छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु पुस्तक, कलर पेन व स्टेशनरी आदि भेंट की गई।

इस अवसर पर संस्थान के फाउंडर सागर मावर ने बताया की इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं, उन्होंने कहा की स्व. राजेंद्र मावर जो की वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सदस्य जेडीए रहे उन्होंने हमेशा समाज हित में शिक्षा को बढ़ावा देने व सामाजिक सरोकार में योगदान दिया और प्रयास किया कि शोषित वंचित वर्ग को भी शिक्षित किया जाए जिससे उन्हें प्रथम पंक्ति में स्थान मिल सके।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ओबीसी कांग्रेस जयपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र मारवाल, प्रदेश सचिव अशोक यादव, जिला महासचिव रणजीत भार्गव, मालवीयनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी - सी स्कीम सचिव दिव्यांशु सिंगोदिया ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए संबोधित किया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुष्पा मावर, महामंत्री मदन मोहन सैनी, सचिव ईशा सैनी , गायत्री पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर खेम सिंह गजावत, प्रधानाचार्य राधा गजावत व स्कूल एक्टिविटी कॉर्डिनेटर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# मरने के बाद श्राद्ध

कितनी विचित्र लीला है इंसान की
जीते जी दोनों समय का भोजन नहीं ,
मरने के बाद श्राद्ध मनाओ।
श्राद्ध मना कर दुनिया को दिखाओ ,
खीर पूरी पकौड़ी बनाओ।
थोडा़ गाय कौवौ को खिलाओ,
बाकी खुद खा लो ।
ज्यादा कुछ है तो ब्राह्मणों
को खिला दो ।
यही सब होता है ना श्राद्ध पक्ष में,
क्यों करते हैं ,यह सब ।
जीते जी अस्तांचल की दहलीज
पर कदम रखते ,माता-पिता को
चैन से जीने नहीं देते।
मरने के बाद श्राद्ध मनाऐगें ।
आऐगें क्या खाने के लिए ।
जवानी में तो बहुओं को सास
फूटी आंख नहीं सुहाएगी ।
मरने के बाद पूरी
पकौड़ी खीर बनाएंगी।
जैसे तो खुद कभी सास
बनेगी ही नहीं ।
लेकिन जब सास बनेगी तब कहेंगी ।
कि हम तो दूध के धुले हुए हैं ।
हमने तो हमारे साथ ससुर को
अच्छे से रखा है।
यही सब इन्सान की विचित्र लीला है।



**कृष्णा धनवाड़िया**
**रावत,जयपुर**

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) पद हेड कांस्टेबल रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक, पद संख्या 1121, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफिसर, पद संख्या 12, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2025
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद टीचर फर्स्ट ग्रेड एग्रीकल्चर, पद संख्या 500, अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2025
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद सिक्योरिटी अस्सिटेंट मोटर ट्रांसपोर्ट, पद संख्या 455, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2025
5. आईबीपीएस आरआरबी, पद ऑफिस असिस्टेंट, पद संख्या 13217, अंतिम तिथि 21 सितंबर 2025
6. सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद साइंस, पद ग्रुप ए बी और सी पोस्ट, पद संख्या 389, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2025
7. राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पद टेक्नीशियन ग्रेड थर्ड, ऑपरेटर और प्लांट अटेंडेंट, पद संख्या 2163, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2025
8. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद ऑफीसर ग्रेड बी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025

# श्रीमाली समाज में करवाचौथ को लेकर भारी उत्साह



**उदयपुर (हमारा वतन)।** श्रीमाली ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसायटी, उदयपुर के तत्वावधान में टाईगर हील स्थित समाज के संस्कार भवन, बड़गॉव, उदयपुर में 10 अक्टूबर को रहे द्वितीय सामूहिक करवाचौथ व्रत उद्यापन के आयोजन को लेकर श्रीमाली समाज की महिलाओं में भारी उत्साह है।

सोसायटी के संयोजक कृष्ण चन्द्र श्रीमाली ने बताया कि अब तक दस दिन में ही 50 उद्यापनकर्ता महिलाओं ने अपने रजिस्ट्रेशन करवायें है। दूर दराज क्षेत्र मारवाड़ से भी इस बार रजिस्ट्रेशन किये है। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिये गठित विभिन्न कमेठीयों ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोसायटी के पदाधिकारीगणो ने समाज जनो से अपील की है कि वो ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करा ऐसे आयोजनो को सफल बनावें ताकि अलग-अलग होने वाले ऐसे समारोह की फिजूलखर्ची पर अंकुश लग सके।

# नरेगा आखर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का किया सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत निरक्षर श्रमिकों को नरेगा आखर के माध्यम से साक्षर करते हुये सशक्तिकरण की संकल्पना को साकार करने हेतु जिला स्तर से अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान में पंचायत समिति गोविन्दगढ में पंचायती राज विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से आशातीत प्रगति दर्ज की गई।

इस कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को आज पंचायत समिति गोविन्दगढ सभागार में प्रधान रामस्वरूप यादव एवं विकास अधिकारी सानू अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया।





# साक्षरता दिवस सप्ताह हुआ सम्पन्न

**रुडकी (हमारा वतन)।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिझौली में चल रहे अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस सप्ताह का शानदार समापन हो गया। समापन के दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों को साक्षरता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी को नई शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन की जानकारी दी गई। कार्य म संयोजक पर्यावरण मित्र डॉ. अशोक पाल सिंह ने कहा कि शिक्षा का महत्व तभी है जब हम निपुण हो और नई शिक्षा नीति में यही शामिल किया गया है। अर्थात बच्चे को संपूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।

# बॉलीवुड चटकारा




# अर्शी खान

## भोजपुरी इंडस्ट्री के बारे में बोलीं,कहा-मेल एक्टर्स से बचकर रहना



बिग बॉस 11 फेम अर्शी खान ने खेसारी लाल यादव के साथ एक भोजपुरी फिल्म में काम किया है। भोजपुरी फिल्म पर काम करने को लेकर अर्शी ने कहा कि उनका अनुभव बहुत खराब रहा। अर्शी खान ने कहा कि भोजपुरी इंडस्ट्री में मेल डॉमिनेटिंग फैक्टर बहुत ज्यादा है। अर्शी ने बताया कैसे उन्हीं की फिल्म से उन्हें पोस्टर से गायब कर दिया गया था। अर्शी ने कहा कि वहां काफी टचिंग-टचिंग है तो किसी के झासें में मत आइए और अपनी समझदारी का इस्तेमाल कीजिए।

**भोजपुरी इंडस्ट्री में कैसा रहा अर्शी का अनुभव**-हिंदी रश के साथ खास बातचीत में अर्शी खान ने भोजपुरी इंडस्ट्री में काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया। अर्शी खान ने बताया कि उनका अनुभव काफी बेकार रहा था। उन्होंने कहा, मैंने हिंदी मूवीज भी की हैं, लेकिन मैंने ऐसे इशूज कभी नहीं देखे जो वहां पर हुए। जैसे खाने-पीने, मेकअप आर्टिस्ट पर इशू हो जाए... भोजपुरी इंडस्ट्री में बहुत हैं। आप यकीन नहीं मानिए वहां पर मुझे चिकन खाने तक के लिए मना कर दिया गया था। मुझे दिन में एक बार चिकन चाहिए, तो वहां पर ये हो गया था कि चिकन तो मेरे लिए आना चाहिए, इन लोगों के लिए क्यों आ रहा है। अर्शी ने ये किस्सा सुनाते वक्त किसी का नाम नहीं लिया।



# मैंने न किसी का करियर बनाया है और न बिगाड़ा है,वीकेंड का वार पर शहनाज गिल से बोले सलमान खान




'बिग बॉस 19' के वीकेंड का वार की एक क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस क्लिप में रिएलिटी शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज गिल के सामने अपनी दिल की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। दरअसल, वीकेंड का वार में शहनाज मेहमान बनकर सलमान से मिलने आई थीं। उन्होंने सलमान से रिक्वेस्ट की कि वे उनके भाई शहबाज बडेशा को घर में भेज दें। इस पर सलमान ने बड़ा ही इमोशनल जवाब दिया।

**सलमान खान का जवाब**-शहनाज ने सलमान से हंसते हुए कहा, सर आपने इतनों के करियर बनाए हैं। सलमान बोले, मैंने कहां बनाया है किसी का करियर। करियर बनाने वाला ऊपरवाला है। मैं थोड़ी हूं। इस पर शहनाज बोलीं, मदद तो कर ही देते हो। सलमान हंसने लगे। सलमान बोले, नहीं! नहीं! लांछन भी डाला है कि कितनों के करियर डुबाए भी हैं। दोनों बातें सच नहीं हैं। खासकर करियर डुबाने वाली बात। मेरे तो हाथ में है ही नहीं कुछ।

**'कौन-सा करियर खाया मैंने?'**सलमान ने आगे कहा, आजकल ये सब चलता है न कि करियर खा जाएगा, करियर खा जाएगा। कौन-सा करियर खाया मैंने? और अगर खाऊं न, तो मैं अपना ही करियर खा जाऊंगा। शहनाज बोलीं, चलो आप जो भी समझ लो। इस पर सलमान बोले, मैं यही समझता हूं कि लोग बहुत दयालु हैं और भगवान बहुत दयालु हैं।

# विधायक था तान्या मित्तल का एक्स बॉयफ्रेंड? शहबाज बदेशा से बोलीं- कैसे बताऊं तुम्हें,उसके...



'बिग बॉस 19' के लेटेस्ट एपिसोड में शहबाज बदेशा और तान्या मित्तल लिविंग एरिया में बैठकर हल्की-फुल्की बातचीत कर रहे थे। इस बातचीत ने घर का माहौल हंसी-ठिठोली से भर दिया। बातचीत की शुरुआत करते हुए शहबाज ने तान्या से सीधा सवाल किया, कितने बॉयफ्रेंड रह चुके हैं? इस पर तान्या ने बिना झिझक जवाब दिया, तो। इसके बाद शहबाज ने चुटकी लेते हुए पूछा, लेटेस्ट वाले से अभी भी प्यार करती है या पुराने वाले से?

**एक्स की याद में शायरी**-तान्या ने तुरंत कहा, नहीं! नहीं! किसी से प्यार नहीं है। शहबाज ने तान्या की शायरी का जिक्र करते हुए कहा, फिर भी तुम उनकी याद में शेरों शायरी कर रही हो। कुछ न कुछ तो है मन में। इस पर तान्या बोलीं, अब कोई है नहीं न। न कोई दोस्त है न बॉयफ्रेंड तो उन्हें ही याद करती रहती हूं।

**'विधायक' वाला शेर**-बातचीत यहीं नहीं रुकी। शहबाज ने मजाकिया अंदाज में कहा, क्या कहना चाहती हो? ये शेर सुनकर कहीं तुम्हारा एक्स न आ जाए अंदर। इस पर तान्या ने खुलासा किया, पूरी दुनिया ने कहा था कि वो मेरे लायक नहीं है। पर कैसे बताऊं तुम्हें शहबाज उसके जैसा पूरे देश में विधायक नहीं है। तान्या की इस बात पर शहबाज जोर से ताली बजाने लगे और बोले, विधायक नहीं है। वाह! वाह! वाह! तान्या हंस पड़ीं और बोलीं, ये तो शेर था। लेकिन शहबाज ने चुटकी लेते हुए कहा, नहीं! समझ गया मैं। विधायक है।

**सोशल मीडिया पर चर्चा**-एपिसोड का यह मजेदार पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस भी तान्या और शहबाज की इस नोकझोंक को खूब पसंद कर रहे हैं।

टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

# सम्पादकीय.....

## क्यों हुई बाढ़ से इतनी तबाही?

कुल मिला कर बाढ़ सिर्फ प्राकृतिक कारणों से नहीं आती, बल्कि इनसानी गलतियां इसे और खतरनाक बना देती हैं। यदि नालों और नहरों की सफाई ठीक से नहीं हो, नदियों में सिल्ट जमी रहे, जिससे पानी का बहाव रुक जाए, कई तटबंध और बांध जर्जर हालत में हों और समय पर उनकी मरम्मत नहीं हुई हो, तो नुकसान क्यों नहीं होगा। इसके अलावा अवैध खनन, जंगलों की कटाई और नदी किनारे अनियंत्रित निर्माण भी बाढ़ का खतरा बढ़ाते हैं। काफी जगह जल निकासी की व्यवस्था कमजोर है, जिसकी वजह से पानी दिनों तक भरा रहता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि पेड़ों की कटाई सीधे तौर पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं को बढ़ा रही है। देश के अनेक राज्य


राम गोपाल सैनी

पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत देश के कई इलाके भारी बारिश और बाढ़ का सामना कर रहे हैं। इस बार पंजाब और हिमाचल में आई बाढ़ ने इन्हें आर्थिक तौर पर काफी पीछे धकेल दिया है। इसे पिछले कई सालों की सबसे भीषण बाढ़ माना जा रहा है। आंकड़े बताते हैं कि अब तक सैंकड़ों गांव पानी में डूब चुके हैं, लाखों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। सडक़ों, पुलों और घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। यह राष्ट्रीय आपदा से कम नहीं है। भारत में बाढ़, एक बार-बार आने वाली घटना रही है और इससे जान-माल, आजीविका प्रणालियों, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक उपयोगिताओं को भारी नुकसान होता है। भारत की उच्च जोखिम संवेदनशीलता इस तथ्य से उजागर होती है कि 3290 लाख हेक्टेयर के भौगोलिक क्षेत्र में से 40 मिलियन हेक्टेयर बाढ़ की चपेट में है, जो कि 12 फीसदी है। राज्यवार अध्ययन से पता चलता है कि देश में बाढ़ से होने वाली क्षति का लगभग 27 प्रतिशत बिहार में, 33 फीसदी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में और 15 फीसदी पंजाब और हरियाणा में होता है। हिमाचल प्रदेश में भी इस बार बाढ़ और बारिश ने भारी नुकसान किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, मानव जीवन और उद्योगों को क्षति पहुंची है। सेब उद्योग के अलावा होटल और पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 4 सितंबर को हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के दौरान पानी में बहते लकड़ी के लट्ठों के वीडियो का संज्ञान लेते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हिमालयी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध पेड़ कटाई हो रही है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की खंडपीठ ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा, 'हमने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में अभूतपूर्व भूस्खलन और बाढ़ देखी है। मीडिया रिपोर्ट्स से यह भी सामने आया कि बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी के लट्ठे बहते हुए दिखे। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि पहाड़ों में अवैध पेड़ कटाई हो रही है।' पिछले दो महीनों में मौसम से जुड़ी घटनाओं में देश के अलग-अलग हिस्सों में अनेक लोगों की मौत हुई है और कई लापता हैं। इस तबाही का क्या कारण है? विश्लेषकों के मुताबिक हीट वेव और मानसून के पैटर्न में हो रहे बदलाव का कारण पृथ्वी का गर्म होना है। इन एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स और जलवायु परिवर्तन में सीधा संबंध है। अभी मौसम की वजह से जो आपदाएं आ रही हैं, ये सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन का असर है। 1950 से 2015 के बीच मध्य भारत में एक दिन में 150 मिलीमीटर से अधिक वर्षा की घटनाएं 75 फीसदी तक बढ़ गई हैं। साथ ही, शुष्क अवधि भी पहले से अधिक लंबी हो रही है। इन प्राकृतिक आपदाओं का असर लोगों के जीवन और कारोबार पर भी पड़ रहा है। भूस्खलन की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है। सडक़ें और पुल बह जाने से कई इलाकों में आवागमन ठप हो गया है। पिछले डेढ़ दशक में तापमान में निरंतर वृद्धि देखी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी दिवस पर हुआ डॉक्टर आरके सैनी का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आर.के. सैनी को अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। डॉक्टर आरके सैनी को यह सम्मान फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है।

जानकारी के लिए आपको बता दे कि इन्होंने अब तक 50 हज़ार से अधिक रीढ़ की हड्डी, घुटना व लकवा के मरीज़ों का बिना ऑपरेशन के सफल इलाज किया है।



इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी एवं पदाधिकारियों ने उन्हें दुपट्टा, माला एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार सैनी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, परिष्कार साहनी, सदस्य डॉ. एम.के. अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश रीडर, सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन श्रीराम शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खाटूश्यामजी के चरणों में हुआ राजस्थानी फिल्म 'हमारी बेटियां' के का पोस्टर विमोचन

**खाटूश्यामजी (हमारा वतन)।** साहू फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित जल्द ही आने वाली राजस्थानी फीचर फिल्म 'हमारी बेटियां' का पोस्टर खाटूश्यामजी के चरणों में रिलीज़ हुआ। खाटू नगरी श्याम मंदिर में फिल्म के अभिनेता, सह निर्माता,निर्देशक उग्रसेन तंवर ने प्रभु के सामने उनके हजारों श्याम प्रेमियों के साथ बाबा की जय घोष के साथ पोस्टर को बाबा श्याम के नेत्रों के सामने रख पोस्टर का विमोचन फिल्म से जुड़े सभी साथियों की ओर से कराया।

श्याम नगरी में 'हमारी बेटियां' फिल्म के पोस्टर को देखकर सभी ने फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना की। अभिनेता उग्रसेन तंवर की खुद के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है।





इस फिल्म में रेखा परिहार, ऋषभ साहू, अशोक खडोलिया, संतोष कंवर, सनाया सैनी, विनयदेव गौतम, सुभाष सेठ, रमेश मकवाना, विनोद शर्मा बरना, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, दीपक सिंह, माधुरी खंडेलवाल, कलावती पटेल ,गौरान्वी शर्मा, सत्य नारायण पाटोदिया, महेश योगी, गोविंदा गुर्जर, चित्रांश गौतम, मुकेश तंवर, गर्वित चौहान, श्याम सुंदर साहू, सीता साहू, मीनाक्षी सेन, शंकर लाल कटारिया, गुरु सुमेर सिंह ,भगत सिंह, हरिनारायण साहू, फूलसिंह पिपलाली के साथ फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है।

फिल्म के निर्माता गणेश साहू, सह निर्मात्री रेखा परिहार, संगीत दिलबर हुसैन और गायिका रेखा परिहार और दिलबर हुसैन हैं। कोरियोग्राफी राजेंद्र राव , चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर ज्योत्सना कौशिक, मेकअप ममता अग्रवाल, चीफ कैमरा सुरेश खांडल है। फिल्म में 5 कर्ण प्रिय गाने हैं। इस फिल्म में साहू समाज के करीब 400 लोगों ने उपस्थिति दर्ज की है।






# चिकित्सा प्रभारी का श्री राजपूत सभा चौमूं ने किया स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** श्री राजपूत सभा चौमूं के तत्वावधान में राजकीय उप जिला अस्पताल चौमूं के चिकित्सा अधिकारी बनने पर डॉ. अजीत सिंह शेखावत का स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री राजपूत सभा चौमूं अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ईटावा, पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष अजयश्री राठौड़, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह धीरावत, समाजसेवी प्रेम सिंह सोलंकी, भवानी सिंह सिसोदिया आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।